<u>प्रेस नोट</u>

दमण प्रशासन में राजभाषा के प्रयोग को गति प्रदान करने के उद्देश्य से राजभाषा विभाग, दमण द्वारा दिनांक 27/08/2014 को तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, मोटी दमण में हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ और हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता के आयोजन के साथ हिन्दी पखवाड़ा की शुरूआत हुई । उद्घाटन समारोह में अभियोजन निदेशक, श्री पी.एस. मंगेरा मुख्य अतिथि के रूप में तथा उप निदेशक (योजना एवं सांख्यिकी), डॉ. शुकदेव भारद्वाज एवं उप सचिव (राजभाषा)श्रीमती सीमा बावा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ उपस्थित अतिथि अधिकारियों द्वारा सरस्वती माँ की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।

इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री पी.एस. मंगेरा ने कहा कि हिन्दी भाषा प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम करती है । उन्होंने यह भी कहा कि राजभाषा विभाग के निरंतर प्रयासों के कारण ही आज प्रदेश में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग बढ़ा है । उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने अपने स्तर पर हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने में अपना भरसक योगदान देने के लिए संकल्प हेतु प्रेरित किया । उप निदेशक (योजना एवं सांख्यिकी), डॉ. शुकदेव भारद्वाज ने कहा कि पूरे भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं लेकिन हिन्दी एकता का सूत्र है और संपर्क भाषा के रूप में काम कर रही है । उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दी और गुजराती में काफी समानता है और हमें अपने कार्यालयीन काम काज में सरल हिन्दी का प्रयोग करना चाहिए ।

राजभाषा विभाग के उप निदेशक श्री अंतर्यामी परिड़ा ने कहा कि वर्षों तक हम अंग्रेजी भाषा की मानसिक गुलामी में थे और हमें हिन्दी भाषा में काम करने

के लिए तन मन से समर्पित रहना चाहिए । उन्होंने प्रतिभागी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरणा दी कि वे अपने कार्यालयों के कामों में हिन्दी का प्रयोग करें और इस संबंध में उन्हें राजभाषा विभाग हर संभव सहयोग देगा ।

हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ चढ़ कर भाग लिया । जन संपर्क अधिकारी श्री मनीष स्मार्ट ने बहुत ही उत्कृष्ट तरीके से उद्घोषणा करते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया । उप निदेशक श्री अंतर्यामी परिड़ा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री सुहास राऊल, श्री शंकर प्रसाद सिन्हा, श्री सुवीर कुमार सिन्हा, श्री अशोक भंडारी एवं श्री परेश धोडी को धन्यवाद दिया ।

प्रतियोगिता के क्रम में दिनांक 28/08/2014 (गुरूवार) को अधिकारियों /कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए हिन्दी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी । प्रतियोगिता का स्थल नानी दमण सार्वजनिक विद्यालय तथा मोटी दमण में तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान निर्धारित किया गया है । प्रतिभागी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी आयोजन केंद्र में भाग ले सकते हैं ।